भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **2718** जिसका उत्तर

मंगलवार, 11 अगस्त, 2026 (20 श्रावण, 1948 (शक)) को दिया जाना है

'हरित सागर'- हरित पत्तन

2718 श्री भाष्यम् रामा कृष्णा:

क्या पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विशाखापत्तनम एवं कृष्णापत्तनम सहित, आंध्र प्रदेश के पत्तनों पर 'हरित सागर' हरित पत्तन दिशानिर्देश 2023 के अंतर्गत कार्य योजनाएँ अपनाई गई हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इन पत्तनों पर अब तक नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग, जैसे हरित हाइड्रोजन/एलएनजी बंकरिंग सुविधाओं अथवा अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों जैसी कौन-कौन सी विशिष्ट हरित पहलें की गई हैं;

(ग) क्या इनमें से किसी पत्तन को 'सागर श्रेष्ठ सम्मान' प्रदान किया गया है अथवा उक्त दिशानिर्देशों के अंतर्गत पर्यावरणीय कार्य प्रदर्शन संकेतकों (ईपीआई) के आधार पर उनका मूल्यांकन किया गया है; और

(घ) आंध्र प्रदेश स्थित पत्तनों पर कार्बन उत्सर्जन में मापनीय कमी हासिल करने के लिए कौन-सी लक्षित समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (घ): महापत्तनों में कार्बन तीव्रता को कम करने और पर्यावरण की दृष्टि से स्थायी पत्तन पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने हेतु हरित सागर' हरित पत्तन दिशानिर्देश, 2023 विभिन्न हरित पहल शुरू करने के लिए एक व्यापक फ्रेमवर्क प्रदान करते हैं। विशाखापट्टणम पत्तन प्राधिकरण (वीपीए), एक महापत्तन ने इन दिशानिर्देशों को लागू किया है। वीपीए द्वारा कार्यान्वित हरित पहल और पत्तन उपकरणों के विद्युतीकरण तथा नवीकरणीय ऊर्जा खपत में की गई प्रगति के साथ वीपीए की कुछ हरित पहलें **अनुबंध** में दी गई है।

विशाखापट्टणम पत्तन प्राधिकरण (वीपीए) को वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान कार्य निष्पादन के लिए वर्ष 2023 में 'सागर श्रेष्ठ सम्मान' पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसके अतिरिक्त, 'हरित सागर' हरित पत्तन दिशानिर्देशों के तहत, हैंडल किए गए प्रति टन कार्गो पर कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में प्रतिशत कमी के लिए सभी महापत्तनों हेतु निर्धारित समय-सीमा वर्ष 2030 तक 30% और वर्ष 2047 तक 70% है।

अनुबंध

पत्तन	**पत्तन उपकरणों का विद्युतीकरण (% में)**		**नवीकरणीय ऊर्जा खपत की हिस्सेदारी (स्वयं-उत्पादित + ग्रिड से अधिप्राप्ति) (% में)**	
	2023	**2026**	**2023**	**2026**
विशाखापट्टणम	80	83.3	34.9	51

हरित पहलें: विशाखापट्टणम पत्तन प्राधिकरण द्वारा कार्यान्वित की गई कुछ हरित पहलें निम्नानुसार है:

क. 10 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना।

ख. दो बर्थों पर 1 एमवीए क्षमता की तट से पोत तक विद्युत आपूर्ति सुविधा सफलतापूर्वक चालू की गई।

ग. 10 एमएलडी एसटीपी के माध्यम से उपचारित अपशिष्ट जल का 100% पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग।

घ. 02 ईवी स्टेशनों की स्थापना।

ङ. 02 सीएनजी बसों की तैनाती।

****